हमारे युवा वैश्विक विकास में भारत को अग्रणी बनाएंगे: लोक सभा अध्यक्ष

...

विश्व का नेतृत्व करने के लिए युवा ऊर्जा का उपयोग करने की आवश्यकता है: लोक सभा अध्यक्ष

...

युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प ही वैश्विक समृद्धि, नवाचार और सामाजिक सद्भाव का आधार है: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने युवाओं से आगे बढ़कर प्रौद्योगिकी, नवाचार, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस और स्टार्टअप के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने का आग्रह किया।

...

लोक सभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 के समापन समारोह को संबोधित किया।

...

नई दिल्ली; 6 मार्च, 2024: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 के समापन समारोह को संबोधित किया।

क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद अंतिम राउन्ड में पहुंचने वाले प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई देते हुए, श्री बिरला ने युवा सभा के उत्साह की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि स्पष्ट सोच वाले कुशल वक्ताओं को देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई और वह आश्वस्त हैं कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की जिम्मेदारी बहुत सक्षम हाथों में है।

युवा संसद के समापन के लिए चुने गए स्थान के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए संविधान सदन, विशेष रूप से इसके प्रतिष्ठित केन्द्रीय कक्ष की उपयुक्तता पर बल दिया। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि इस पवित्र कक्ष ने भारत की राष्ट्र-निर्माण की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह कक्ष विदेशी अधीनता से आजाद होकर देश में लोकतंत्र और गणतंत्र की स्थापना का प्रतीक है। युवा प्रतिभागियों से इस पावन स्थल से जुड़ी विरासत पर गर्व करने का आग्रह करते हुए, श्री बिरला ने संविधान सभा के सदस्यों के बारे में उन्हें बताया जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए

अधिकार, समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए और एक सशक्त संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए इसी स्थान पर विचार-विमर्श किया था। केन्द्रीय कक्ष की शोभा बढ़ाने वाले चित्रों के बारे में बात करते हुए, श्री बिरला ने उन महान नेताओं का स्मरण किया और उनके द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के साथ ही उनके बलिदान के बारे में विस्तार से बताया। भारत के नवस्थापित लोकतंत्र को स्वरूप देने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि उनकी विरासत से आज भी हमें प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलता है।

भारत को एक संपन्न, पूर्ण विकसित और प्रगतिशील राष्ट्र बनाने में आज के युवाओं की क्षमता में अपना अटूट विश्वास व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प से भारत भविष्य में विश्व मंच पर समृद्धि, नवाचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बन सकता है। उन्होंने आगे कहा कि तकनीकी प्रगति और नवाचार के वर्तमान युग में, युवाओं के लिए यह आवश्यक है कि वे आगे बढ़कर देश को प्रौद्योगिकी, नवाचार, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप और इससे जुड़े क्षेत्रों में भारत को एक अग्रणी देश के रूप में सुस्थापित करें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि विश्व स्तर पर, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और नवाचार जैसे क्षेत्रों में, भारतीय युवा परिवर्तन और प्रगति का नेतृत्व कर रहे हैं।

वर्ष 2047 तक देश को समृद्ध, पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने में छात्रों की क्षमता पर भरोसा जताते हुए, श्री बिरला ने उनसे वैश्विक विकास में भारत को अग्रणी बनाने के लिए अपने कौशल का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान युग में पर्याप्त अवसर मौजूद हैं और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय भी वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की ओर देख रहा है । युवाओं को भविष्य की बाधाओं का सामना साहस के साथ करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका दृढ़ संकल्प एक मजबूत और सशक्त भारत की नींव रखेगा। श्री बिरला ने यह भी कहा कि विश्व का नेतृत्व करने के लिए युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करने की आवश्यकता है।

श्री बिरला ने पिछले साल हुए जी-20 और पी-20 सम्मेलनों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व मंच पर भारत की प्रधानता को दर्शाते हुए विश्व नेताओं ने सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया। विश्व मंच पर भारत की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए श्री बिरला ने यूपीआई प्लेटफॉर्म की उल्लेखनीय उपलब्धि के बारे में भी बताया जिसे पूरी दुनिया के नेताओं ने सराहा है और वे अपने उन्नत देशों में इसे अपनाने के लिए उत्सुक हैं।

अंत में, लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि 21वीं सदी भारत की है, और इसी क्रम में उन्होंने युवाओं से निष्ठा, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट प्रयासों के साथ इस सपने को साकार करने का आह्वान किया। श्री बिरला ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 के राष्ट्रीय विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।